NS – 068

2

I Semester B.Com. Examination, Nov./Dec. 2016
(CBCS) (Repeaters) (2014-15 and Onwards)
LANGUAGE HINDI – I
Gadhya, Vanijya Patra Vyavahar aur Anuvad

Time : 3 Hours | Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द** या **वाक्यांश** में लिखिए। **(1×10=10)**

1) सबिया के कितने बच्चे थे ?

2) सारी पँचायतें कहाँ खत्म हो जाती हैं ?

3) हिमालय से भी अधिक सुन्दर क्या है ?

4) कैलेण्डर में किस देवी की तस्वीर थी ?

5) सारी दुनिया किसकी खोज में है ?

6) शिवजी ने कौन सी बैठक बुलवायी ?

7) समाज को किसकी ज़रूरत है ?

8) बाबूलाल ने धोती कितने में खरीदी ?

9) सत्येन्द्र की पत्नी का नाम क्या था ?

10) नन्हेमल किसका बेटा था ?

ST. CLARET COLLEGE LIBRARY

II. किन्हीं **दो** की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **(6×2=12)**

1) सच तो यह है कि मैं सबिया को उस पौराणिक नारीत्व के निकट पाती हूँ , जिसने जीवन की सीमारेखा किसी अज्ञात लौक तक, फैला दी थी।

2) पर कैसी विडम्बना है, कि मुझे जीवन का सबसे बड़ा 'पुरस्कार' एक कब्रिस्तान में मिला था; जिसके बारे में सोचकर मेरा माथा कृतज्ञता से झुक जाता है।

3) ''सचमुच यह पृथ्वी का नन्दन कानन है''

4) 'हिम्मत करो'; यूँ हौसला क्यों खोते हो ? ईश्वर को तुम्हारा जोड़ा पसन्द न था, सो बिछुड़ गया।

P.T.O.

III. 1) ''नेता नहीं नागरिक चाहिए'' निबंध का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ बताइए। **(1×12=12)**

अथवा

2) 'सबिया' रेखाचित्र के आधार पर मैकू के चरित्र पर प्रकाश ड़ालिए।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : **(1×6=6)**

1) विश्वनाथ

2) सत्येन्द्र

V. कोई **दो** पत्र लिखिए : **(2×10=20)**

1) ग्रंथ-भारती, हैदराबाद की ओर से सर्वश्री पुस्तक मन्दिर, बेंगलूरु को, शोभा पुस्तक प्रकाशन, बेंगलूरु की आर्थिक स्थिति की पूछताछ करते हुए संदर्भ पत्र लिखिए।

2) बेंगलूरु विश्वविद्यालय, बेंगलूरु में लेखाकार का पद रिक्त है। उक्त पद के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता का विवरण देते हुए कुल सचिव, बेंगलूरु को आवेदन पत्र लिखिए।

3) दिव्या प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली को 'व्यवहारिक हिन्दी' पुस्तकों के लिए आदेश पत्र लिखिए।

VI. **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए : **(10×1=10)**

1) Advance
2) Excise Duty
3) Marketing
4) Bulk purchase
5) Manager
6) Tender
7) Undersigned
8) Sale Tax
9) Revenue
10) Currency.